## जनसुनवाई का आयोजन हुआ

**भरतपुर ( निस )।** बिजली घर चौराहा स्थित भरतपुर इलेक्ट्रिसिटी सर्विसेज लिमिटेड के सब-डिविजनल कार्यालय बिजली घर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जिसमें बीईएसएल के आलाधिकारी मौजूद रहे।

बीईएसएल के जनसंपर्क अधिकारी सुधीर प्रताप सिंह ने बताया कि भरतपुर शहर के 16 उपभोक्ता ही बिजली से संबंधित अपनी शिकायतें लेकर जनसुनवाई में पधारे। उपभोक्ता विद्युत बिल में किश्त करवाने, नया विद्युत कनेक्शन लेने, लो वोल्टेज की शिकायत करने, पोल और ट्रांसफॉर्मर शिफ्ट करवाने हेतु मिले। उन्होंने बताया कि ज्यादातर परिवादों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। परन्तु कुछ समस्याओं का समाधान 10 से 15 दिन में हो पाएगा।

इस मौके पर पीआरओ सुधीर प्रताप सिंह के अलावा सी.आर.एम हैड क्षितिज मिश्रा, सहायक अभियंता बहादुर सिंह, सहायक अभियंता ए-1 मनोज शर्मा, सहायक अभियंता ए 2 विजय तोमर, एच.आर प्रभात सिंह, एडमिन अजय परमार, कनिष्ठ अभियंता बुद्धिलाल कन्नौजिया, कनिष्ठ अभियंता पारितोष पाण्डेय, कनिष्ठ लिपिक शिवांगी उपाध्याय व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**करौली( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रो मे अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव हषोउल्लास के साथ मनाते हुए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

करौली जिला मुख्यालय पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मदिन करौली ब्राह्मण सभा भवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम की प्रतिमा का दूध-गंगाजल से मंत्रोउच्चारण के साथ अभिषेक कर हवन पूजा,परशुराम स्त्रोत्र का पाठ किया गया। ब्राह्मण समाज द्वारा हवन-पूजा और पाठ कर समस्त पृथ्वी वासियों की कुशल-क्षेम,सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान करौली ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मदन मोहन पचौरी सहित प्रमुख समाज बंधु मौजूद रहे।

इस अवसर पर संगठन को मजबूत करने,सामाजिक कुरीतियों को दूर करने और सामाजिक कार्यों को लेकर चर्चा की गई।ब्राह्मण समाज अध्यक्ष मदन मोहन शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की भांति भगवान परशुराम का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान परशुराम का अभिषेक, हवन, पूजा-पाठ के बाद सत्तू और पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के जन्मदिन पर कई धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर श्रीमद् भागवत कथा वाचक रमेश शास्त्री ने भगवान परशुराम की जीवनी पर विचार प्रकट किया और भगवान परशुराम से सीख लेकर जीवन में अपने और सर्वधर्म समभाव के साथ देश प्रदेश की खुशी के लिए काम करने का संदेश दिया।समारोह में ब्राह्मण समाज के भूपेंद्र भारद्वाज, परसोत्तम शर्मा, कैलाश शर्मा, दीनदयाल शर्मा, उमेश शर्मा, यशवेंद्र, श्याम सुंदर शर्मा, कान्हा व्यास सहित बडी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए। वही भगवान परशुराम जी जन्मोत्सव अतेवा स्तिथ परशुराम मन्दिर पर बड़े धूमधाम, अभिषेक, पूजन,महाआरती के साथ मनाया। आयोजन समिति के गोपेश शर्मा,भुनेश मुदगल ने बताया कि प्रातः 4:00 बजे से विद्धवान पण्डित दिनेश शास्त्री के सानिध्य में बेदिक विद्ववानों द्वारा शुक्लयजुर्वेद के मंत्रों से भगवान परशुरामजी का अभिषेक पूजन गंगाजल,दूध,दही,शहद,पंचामृत के साथ कराया।उसके पश्चात भगवान की महाआरती हुई। इसके अलावा गणेश ब्राह्मण धर्मशाला सपोटरा में ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम के अध्यक्ष महंत रसिक बिहारी अमरगढ़ द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।



करौली में परशुराम जयंती के अवसर पर बाह्मण समाज के लोगों ने यज्ञ मे आहुति दी।

इस अवसर पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक हंसराज मीणा ने कहा कि ब्राह्मण समाज ने हमेशा अग्रज बनकर देश का नेतृत्व और सेवा की है, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया ने कहा कि ब्राह्मण समाज संगठित रहे बच्चों को रोजगार से जोड़ और नशे से दूर रखें, उपखंड अधिकारी सुभाष चंद्र गोयल ने ब्राह्मण समाज को विकास कार्यो से जुडने की अपील की, अंतर्राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा संगठन के प्रदेश सचिव शिवचरण ने ब्राह्मण समाज के इतिहास और वर्तमान में ब्राह्मण समाज के परिवेश पर प्रकाश डाला विचार गोष्ठी को तहसीलदार नवल किशोर शर्मा, ब्राह्मण समाज सपोटरा के अध्यक्ष हरिनंद शर्मा, नारौली अध्यक्ष भगवान सहाय सहित समाज के कई लोगों ने संबोधित करते हुए समाज और संगठन के विकास पर जोर दिया।

## सार-समाचार

### विधवा महिलाओं का सम्मान किया



**करौली( नि.स. )।** भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में विप्र सेना करौली के तत्वाधान में विप्र सेना शक्ति केंद्र पर परशुराम भगवान् के चित्रपट के समक्ष सभी समाज के लोगो ने पूजा अर्चना एव हवन कर समाज में सुख,शांति एव समाज के उत्थान हेतु प्रभु से सामूहिक प्रार्थना की। कार्यक्रम के अगले क्रम में विप्र सेना करौली द्वारा विप्र नारी सशक्तीकरण के क्षेत्र में काम करते हुए समाज की 5 विधवा महिलाओं को महिला सम्मान कार्यक्रम के तहत् 1100 रुपये सम्मान राशि के रूप में दिये जो की प्रतिमाह उन महिलाओं के खातों मे निर्बाध रूप से विप्र सेना द्वारा डाली जाएगी। कार्यक्रम में विप्र सेना के बीरेंद्र शर्मा,पवन शुक्ला,हेमराज तिवारी,महेंद्र सुरोठिया, मुकुट बिहारी शोत्रीय,राजेंद्र सारस्वत,मनोज,फोजी, अरविंद शर्मा, योगेश सारस्वत वासु भैया,योगेश शर्मा योगी महाराज,रमाकान्त शर्मा, मनोज शर्मा, वृजेश शुक्ला,अंकुश शुक्ला,देवेश शर्मा,बिक्की (बेद गुरु) ,पवन व्यास, आभा शर्मा, हर्ष शर्मा आदि विप्र बंधु उपस्थित थे। प्रभु परशुराम कि पूजा अर्चना आचार्य शिवनारायण शास्त्री एव राजेंद्र शास्त्री द्वारा संपन्न कराई गई।

### भगवान परशुराम का अभिषेक किया

**जुरहरा ( निस )।** शुक्रवार को जुरहरा कस्बे में भगवान श्री परशुरामजी का जन्मोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। जुरहरा में श्री आदि गौड़ ब्राह्मण समाज के द्वारा स्व. दुर्गाप्रसाद थानेदार के नोहरे में प्रेमचन्द गौड़ की अध्यक्षता व मदनलाल गौड़ के मुख्य आतिथ्य में परशुरामजी की जन्म जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर पण्डित गजेन्द्र आर्य ऊँचेडा के सान्निध्य में हवन किया गया जिसमें आदि गौड ब्राह्मण समाज के महिला-पुरुषों के द्वारा आहुति दी गईं वहीं भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए दीप प्रज्ज्वलित किया गया। कार्यक्रम में पीयूष गौड़ व मुख्य अतिथि मदनलाल गौड़ के द्वारा परशुरामजी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मुख्य रूप से मनीराम गौड़, शिवराम गौड़, प्रदीप गौड़, संजय गौड़, विनोद गौड़, देवेन्द्र गौड़, महेश गौड़, गोपाल गौड़, सुभाष चंद उर्फ पप्पू गौड़, गंगाप्रसाद गौड़, कमल गौड़, भगवानदास गौड़, विवेक गौड़ व अंकित गौड़ सहित काफी संख्या में आदि गौड ब्राह्मण समाज के सेंकडों की संख्या में महिला व पुरुष मौजूद रहे। वहीं स्थानीय ब्राह्मण समाज के द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला में भगवान परशुराम जी के अभिषेक के साथ उनका जन्मोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों के द्वारा परशुराम जी की विशेष पूजा-अर्चना के साथ-साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किए गए। इस अवसर पर पंडित श्यामलाल शर्मा, पंडित गोरधनलाल शर्मा, पंडित गंगाशरण शर्मा, भगवानदास पाराशर, महेश शर्मा, डॉ. सोहनलाल शर्मा, योगेश शर्मा व महेश तिवारी सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**धौलपुर ।** धौलपुर जिले के मनियां थाना क्षेत्र में सुआ का बाग पर एक तेज रफ्तार मैक्स गाडी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। हादसे के दौरान मौके पर मौजूद लोग मृतक को लेकर मनियां अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने बाइक सवार को मृत घोषित करते हुए शव मोर्चरी में रखवा दिया। जिसका शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराया। मृतक हरिओम के चचेरे भाई शिवराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गुरुवार रात को उसका चचेरा भाई हरिओम पुत्र हाकिम सिंह उम्मेदीलाल के साथ बाइक से मनियां कस्बे से अपने घर मुगरवारा गांव जा रहा था। रास्ते में तेज रफ्तार मैक्स गाडी ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से हरिओम को मनियां अस्पताल लाया गया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चचेरे भाई की ओर से दी गई रिपोर्ट के बाद शुक्रवार को पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### जरूरतमंद परिवारों को बांटे राशन किट

**मंडावर।** कस्बे स्थित जय श्री परशुराम सेवा समिति मंडावर के तत्वाधान में भगवान परशुराम के जन्मोसव पर (अक्षय तृतीया )के पावन पर्व पर समाज के जरूरतमंद लोगों राशन किट वितरण किया गया। इस मौके पर मोहनलाल शर्मा ने बताया कि भामाशाह सतीश पाराशर द्वारा अपने स्वर्गीय पिता की स्मृति में ब्राह्मण समाज के जरूरत मंद परिवारों को राशन किट का वितरण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष बाबूलाल शर्मा युवा अध्यक्ष रिंकु हल्देनिया पूर्व अध्यक्ष महेंद्र शर्मा (सांथा वाले) डॉक्टर अजय शर्मा उमेश शर्मा (हल्देनियां)सुरेश चंद शर्मा बृजेश जोशी हितेश जोशी महन्त संतोष उपाध्याय कृष्ण मोहन शर्मा हरिओम शर्मा दिनेश शर्मा (बेरखेड़ावाले) पंडित श्यामसुंदर शास्त्री सहित कई लोग मौजूद रहे

### ध्वनि यंत्रों के विरूद्ध की गई कार्यवाही

**करौली ( नि.स. )।** जिला परिवहन अधिकारी महावीर प्रसाद पंचोली ने बताया कि जिला परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग के उडन दस्तों द्वारा ऐसे टैक्टर-ट्रॉलियों जिन पर ध्वनि विस्तारण यंत्र लगे हुए है के विरूद्ध सख्त कार्यवाही प्रारंभ कर यंत्रों की जप्ती की कार्यवाही के साथ बिना रजिस्टेशन नम्बर प्लेट,बीमा,लाईसेंस, प्रदूषण कार्ड तथा तेज गति से संचालित पाये जाने पर चालान बनाकर ऐसे ट्रैक्टर ट्रॉलियों को सीज करने की कार्यवाही की गई। उन्होने बताया कि इसी प्रकार यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी। इसके अलावा उन्होने ध्वनि विस्तारक यंत्रों को स्वयं ही हटाने के लिये टैक्टर ट्रॉली मालिको को निर्देश भी दिये।

## बुजुर्ग दंपत्ति के साथ की मारपीट

**भरतपुर ( निस )।** जिले के चिकसाना थाना इलाके की रहने वाली एक लड़की अपने माता-पिता को इंसाफ दिलाने के लिए अधिकारियों के चक्कर काटने को मजबूर है। लड़की का कहना है कि, कल देर रात कुछ दबंग उसके घर में घुस आये और उसके माता पिता को बेहरमी से पीटा।

जिसके बाद लड़की ने अपने माता पिता को आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया है। जिसके बाद वह एसपी ऑफिस पहुंची और एसपी मृदुल कच्छावा से मिलकर अपनी समस्या बताई। रेखा ने बताया कि, 24 अप्रैल को गांव के महेंद्र, राजेश उत्तम, राजू, सावित्री, कमलेश और प्रेमवती ने घर पर कब्ज़ा करने की नियत से हमारे घर पर हमला कर दिया। जिस पर मेरी माता मानवती ने चिकसाना थाने में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। इसके बाद कल देर रात फिर से सभी लोग एक राय होकर हमारे घर में घुस गए। जिसके बाद सभी लोग मानवती और उसके पति को गालियां देने लगे। उन्होंने धमकी दी कि, उन्होंने अगर केस वापस नहीं लिया तो, वह उन्हें जान से मार देंगे।जब मानवती ने लोगों का विरोध किया तो, वह मानवती को खींचकर घर से बाहर ले आये और कपड़े उतारकर उनके साथ मारपीट करने लगे।

जब रेखा के पिता मानवती को बचाने आये तो, उन्होंने उन्हें भी पीटा। जिन्हें रेखा ने बड़ी मुश्किल से बचाया और अपने माता-पिता को आरबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया। रात को ही रेखा चिकसाना थाने पहुंची तो, पुलिसकर्मियों ने कहा कि, पहले वह अपने माता-पिता का इलाज करवाए। जब रेखा अपने माता पिता को लेकर अस्पताल आई तो, दबंगों ने उसके घर पर ताला लगा दिया और घर में रखा सारा सामान निकालकर ले गए।

## सुभाष गर्ग ने सुनी जन समस्याऐं

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री एवं भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर दौरे के दूसरे दिन शहरी व ग्रामीणों क्षेत्रों का दौरा कर आम जन की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्या समाधान के निर्देश दिये।

डॉ. गर्ग ने भरतपुर दौरे के दौरान शहर के मुखर्जी नगर, पुराना लक्ष्मण मन्दिर, अनाह गेट बजारिया सहित गांव गुण्डवा, पीपला, महचौली, बराखुर, ठेई, खैमरा सहित अन्य गांवों में पहुंचकर क्षेत्र के लोगों के दुख-दर्द में शामिल हुये तथा आम जन की समस्याओं को भी सुना। लोगों ने डॉ. गर्ग को बिजली, पानी, सडक, अतिक्रमण सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने समस्याओं का समाधान कराने का विश्वास दिलाते हुये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिये। इस दौरान डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर भी जनसुनवाई की।

# सैन समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित

**डीग** (निस)। शुक्रवार को कामां रोड स्थित सैन धर्मशाला पर सैन महासभा विकास समिति के तत्वाधान में सैन समाज का प्रथम बार सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

इस दौरान गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म का समाज के पदाधिकारियों ने माला वा दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया सामूहिक विवाह सम्मेलन के दौरान कुल 6 वर वधु ने सात फेरे लेते हुए एक दूसरें के हमसफ़र बने। इस दौरान मुख्य अतिथि गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने वर वधु को आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन वर्तमान की आवश्यकता है। ऐसे सम्मेलनों से समाज के आर्थिक रूप से सक्षम ना हों, वे परिवार भी अपने बेटे-बेटियों के विवाह धूमधाम से कर सकते है। उन्होंने कहा कि विवाह सिर्फ पति-पत्नी का मिलन ही नहीं बल्कि दो परिवारों का भी मिलन है। पति-पत्नी दोनों को एक दूसरे के माता-पिता और परिजनों का सम्मान करना चाहिए। सामूहिक विवाहोत्सव से समाज की एकता और एक दूसरे के प्रति बेहतर भावना समाज में फैलती है।इस मौके पर अमरदीप सैन, मुकेश सैन, दीपक सैन, मुकेश सेन, रामस्वरुप, राजवीर, खेमचंद, रामजीलाल, गोपीचंद एडवोकेट, बलराम, अमरचंद सीकरी, चन्द्रभान मास्टर, सोहनलाल, देवेंद्र, रमेश, रामस्वरूप सहित बड़ी संख्या में सैन समाज के लोग उपस्थित थे।



सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

# श्रीपति मिश्र का सम्मान किया

**भरतपुर ( निस )।** अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर भगवान परशुराम मंदिर, पं. सुन्दर लाल बगीची, भरतपुर पर आयोजित, भगवान परशुराम कथा में श्री ब्राह्मण सभा, भरतपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष व प्रमुख समाजसेवी कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में विभिन्न विप्र सामाजिक संगठनों द्वारा स्वरचित ग्रंथ के वाचक एवं कथा व्यास पं. श्रीपति मिश्र का पटका, माला, शॉल, साफा पहनाकर व भगवान परशुराम का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया व भगवान परशुराम कथा का पूजन किया।

भगवान परशुराम कथा के आचार्य ने व्यास गद्दी से कथा में भगवान परशुराम के द्वारा आततायिओं का, जो वध किया गया था, उसका विस्तार से वर्णन किया गया। कथा में प्रभु श्री राम के द्वारा, भगवान शिव-धनुष तोड़ने का वर्णन भी किया गया। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष व वरिष्ठ समाजसेवी कौशलेश शर्मा, विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील

■ **भगवान परशुराम के द्वारा आततायिओं का, जो वध किया गया था, उसका विस्तार से वर्णन किया गया**

पाराशर, समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, कांग्रेस के शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी, बाल कल्याण समिति के पूर्व जिलाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, रांगेय राघव राघव कॉलेज के निदेशक शिशुपाल लवानियां, विप्र फाउंडेशन, भरतपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष नेमीचंद मुद्गल, अन्नपूर्णा रसोई के संचालक विष्णुदत्त शर्मा, जयश्री बाँके बिहारी सेवा समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिगोविन्द मिश्रा, राजस्थान रोडवेज सेवानिवृत कर्मचारी यूनियन के संभागीय अध्यक्ष दिनेश शर्मा जघीना, श्री ब्राह्मण समाज, तिलक नगर के अध्यक्ष नत्थीलाल दीक्षित, सेवानिवृत्त थानेदार प्रभुदयाल कटारा, वरिष्ठ सदस्य बनवारीलाल शर्मा, वाइस प्रिंसीपल बाबूलाल कटारा, एलआईसी के लालचंद शर्मा, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर शर्मा, सहायक अभियंता डी.एन. शर्मा, सेवानिवृत्त विकास अधिकारी इंजी. राजेंद्र दण्डौतिया, सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी मदन गोपाल शर्मा, बाल कल्याण समिति के सदस्य एडवोकेट भूपेंद्र शर्मा, बृजभूषण पाराशर, जयशंकर जूडो करांटे क्लब के संचालक पीयूष जयशंकर टाइगर, शिक्षाविद दिनेश शर्मा, समाजसेवी अशोक शर्मा सारस, समाजसेवी सुरेश शर्मा, पवन पाराशर, शिक्षाविद सुरेश शर्मा, युवा सामाजिक कार्यकर्ता भरत पचोरी, सारथी महेश शर्मा चिचाना, शिक्षाविद नवीन उपाध्याय ने भी व्यास महाराज का सम्मान किया व व्यास गद्दी का पूजन किया। कथा की समाप्ति पर व्यास महाराज ने सभी विप्र जनों को आशीर्वाद देते हुए अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दी।

## सट्टे की खाईवाली में 2 गिरफ्तार

**धौलपुर।** जिले की सरमथुरा थाना पुलिस ने अवैध शराब, अवैध हथियार एवं जुआ सट्टा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब रखने, ले जाने और उसकी बिक्री करने वाले आरोपी हरकेश पुत्र मोतीलाल मीणा निवासी बीलोनी सरमथुरा को बीलोनी मोड बथुआ खोह से गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 102 अवैध देशी शराब के पव्वे जप्त किए हैं। इसी प्रकार सती का चौक सरमथुरा से मुखबिर की सूचना पर सट्टे की खाई वाली करते हुए सटोरिया बिज्जो उर्फ विजय सिंह पुत्र लाल सिंह उर्फ लाला ठाकुर निवासी सती का चौक सरमथुरा को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से 2 हजार 200 रुपए की सट्टा राशि व अन्य उपकरणों को जप्त किया है। ऐसे ही सरमथुरा थाना पुलिस ने एक और कार्रवाई करते हुए गुरुवार दिन रात सुरारी मोड़ से विधि से संघर्षरत दो बालकों के कब्जे से अवैध देसी कट्टा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस जप्त किया है।

# कन्या दान महादान परम्परा का निर्वहन किया

**कामां** (निस)। कामां तहसील के गांव पथवारी में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कामवन कामां द्वारा सामाजिक सरोकार निभाते हुए एक कन्या के विवाह आयोजन मे सहयोग प्रदान कर कन्या दान महादान की परम्परा का निर्वहन किया।

जायन्ट्स ग्रुप कामवन के अध्यक्ष खेमराज खंडेलवाल ने बताया कि कामां तहसील के गांव पथवारी में एक लड़की की शादी का आयोजन किया गया। जो कि परिवार निहायत ही गरीब था उसके पास बेटी की शादी करने के लिए सुविधाओं का अभाव होने के कारण परिवार ने जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कामवन व सेवा भारती के कार्यकर्ताओं से सम्पर्क किया तो उन्होंने सम्भल प्रदान करते हुए सहयोग के लिए आश्वस्त किया। हरप्रसाद नाटाणी ने बताया कि कन्या की शादी में सहयोग करने पर जायन्ट्स के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से कहा की कन्यादान से बढ़कर कोई दान नही है। जिस पर ग्रुप के पदाधिकारीयों ने चर्चा कर शादी में आने वाले सभी लोगों के लिए भोजन व अन्य जरूरी सामग्री उपलब्ध करायी गई व अन्य व्यवस्थाओ में सहयोग प्रदान कर शादी को संपन्न कराया गया। इस अवसर जायन्ट्स ग्रुप के हरिकुम्हेरिया, हरिशंकर खण्डेलवाल रिटायर्ड प्रधानाचार्य, जायन्ट्स के यूनिट डायरेक्टर संजय जैन बड़जात्या, सुरेश सोनी, भामाशाह अशोक सोनी, अपनाघर के अध्यक्ष प्रमोद पुजारी, मोहन पुजारी, मनोज गंगोरा वाले, सुनील तमोलिया, राजेश तमोलिया, सेवा भारती के रमन आर्य, यथार्थ सेवा समिति अध्यक्ष धर्मवीर गुर्जर व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

■ **कामां तहसील के गांव पथवारी में जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कामवन कामां द्वारा एक कन्या के विवाह आयोजन किया**

# अक्षय तृतीया पर माली समाज के 33 जोड़े परिणय-सूत्र में बंधे

**करौली( नि.स. )।** अक्षय तृतीया के अवसर पर माली समाज का छठवां सामूहिक विवाह सम्मेलन मंडरायल रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास परिसर आयोजित किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 33 जोड़े परिणय-सूत्र बंध गए। इस मौके पर तुलसी-शालिग्राम विवाह का भी आयोजन किया गया। इस दौरान करौली के पूर्व विधायक लाखन सिंह मीणा,करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर के पुत्र सहित विभिन्न समाजों के अध्यक्ष और जनप्रतिनिधियों ने विवाह सम्मेलन में पहुंचकर वर वधु को आशीर्वाद दिया।

संस्थान एवं समिति अध्यक्ष प्रेम सिंह माली ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान के तत्वाधान में छठवां सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया पर समाज के अथक प्रयास से भीषण गर्मी के बीच सफलता पूर्वक आयोजित हुआ। सेलोकर हनुमान मंदिर से बारात की चढ़ाई शुरू हुई। बारात का नेतृत्व घोडी और मुख्य ध्वज के बोली दाता रघुवीर सैनी खेड़ा मदनपुर ने किया।छात्रावास में बारात का स्वागत और पाणिग्रहण संस्कार संपन्न कराए गए। जहां पर तुलसी विवाह के मुख्य यजमान करौली पंचायत समिति की पूर्व प्रधान विद्या देवी और उनके पति जमनालाल माली रहे।उन्होंने बताया की सभी समाज बंधुओं ने सम्मेलन को सफल बनाने में तन,मन,धन से सहयोग किया।संस्था सचिव रामगोपाल माली ने बताया कि विवाह सम्मेलन में 12 विधवा कि बेटी और 12 बेटे विधवा के शामिल हैं। जबकि करौली जिले के अलावा भरतपुर, दौसा, सवाई माधोपुर, गंगापुर जिले के वर-वधु भी सामूहिक विवाह सम्मेलन में परिणय सूत्र में बंधे।इस अवसर पर बाराती, कन्या पक्ष के लोगों के साथ समाज के लोगों को सामूहिक भोज का भी आयोजन किया गया।




करौली मे आयोजित माली समाज के विवाह सम्मेलन मे मंच के सामने बैठे दुल्हे।

## जाजम बैठकों का आयोजन

**धौलपुर।** शासन सचिव बाल अधिकारिता विभाग और जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशानुसार सभी शुक्रवार को जिले की सभी 188 ग्राम पंचायतों में मेगा जाजम बैठकों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नारी चौपाल और महिला ग्राम सभाओं का आयोजन भी रखा गया। उक्त कार्यक्रमो में महिला अधिकारिता विभाग की साथिनों, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं सहित पंचायती राज विभाग के ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग विश्व देव पांडेय एवं उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग द्वारा उक्त बैठकों का भ्रमण कर बाल विवाह निषेध की अपील की गई। महिलाओं ने जाना कि बाल विवाह सबसे ज्यादा उनके लिए ही घातक है एवं इसके लिए उन्हें ही सबसे पहले आगे आना चाहिए। उन्होंने कसम खाई कि वे बिना जांच पड़ताल के आगे से किसी विवाह न्योते में भी नहीं जाएंगी। वहीं पुलिस एवं प्रशासन द्वारा शुक्रवार को अंतिम जानकारी मिलने तक जिले में अलग-अलग स्थानों पर तीन बाल विवाहों को रोकने में सफलता पाई। पंडितो के अनुसार शुक्र एवं गुरु गृह अस्त होने के कारण विवाहों के संख्या कम होना एवं सरपंचों में माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का भय पुलिस एवं प्रशासन के लिये मददगार साबित हुआ।

# भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर रक्तदान



विशाल रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

**धौलपुर।** अक्षय तृतीया भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट एवं सर्व समाज धौलपुर के तत्वाधान में परशुराम सेवा सदन धौलपुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी, पीएमओ डॉ विजय सिंह, पी सी बोहरा अध्यक्ष एवं किशन चंद शर्मा कोषाध्यक्ष भगवान परशुराम चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा पूजन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया।

जिला कलेक्टर ने अपने उद्बोधन में धौलपुर जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में रक्त की कमी को बताते हुए युवाओं से रक्तदान करने का आहान किया। पीएमओ डॉ विजय सिंह ने स्वैच्छिक रक्तदानों से अपील की है कि वे रक्तदान को दान के रूप में लें न कि उसका रिप्लेसमेंट करें। शिविर में सर्व समाज के युवाओं द्वारा 50 रक्त यूनिट का रक्तदान किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं टी-शर्ट प्रदान की गई। रक्तदान शिविर के समापन पर अध्यक्ष पीसी बोहरा ने समस्त रक्तदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विशंभर दयाल शर्मा, कन्हैयालाल वेद, मुकेश शर्मा, मुकेश हनुमानपुरा, राम शर्मा, मिठ्ठन लाल, राजेश महदपुरा, प्रमोद शर्मा, अशोक सिकरवार, लोकेश राजपूत, राजा हिंदुस्तानी, प्रमोद पचौरी, प्रमोद भारद्वाज, दुष्यंत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार

**करौली ( नि.स. )।** करौली कोतवाली पुलिस ने चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शहर के बजाज नगर में एक निर्माणाधीन मकान से पानी मोटर, केबल, रस्सा आदि सामान चोरी किया था। करौली कोतवाली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि रिन्कू 32 पुत्र चेतराम मीना निवासी गुर्जर गाँवडा हाल निवासी कॉलेज के पीछे बजाज नगर करौली ने कोतवाली पर एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें बताया कि 3 मई को गवर्नमेंट कॉलेज के पीछे बजाज नगर में निर्माणधीन मकान की तराई कर वह शाम करीब 7:00 बजे अपने कमरे पर चला गया। दूसरे दिन 4 मई को प्रात 8:00 बजे मकान पर पहुंचा तो देखा की रात में चोर बोरवेल से 110 फीट लंबी केबल,रस्सा तथा पानी की मोटर को चोरी करके ले गए।

**नाम परिवर्तन**

मैं केशराम मीना पुत्र श्री देवीलाल मीना आयु 41 साल जाति मीना निवासी नाहरपुरा तहसील मण्डरायल जिला करौली (राजस्थान) यह कि गोविन्द मीना मेरा पुत्र है मेरे पुत्र को विद्यालय में प्रवेश दिलाते समय कम्प्यूटर ऑपरेटर से नाम चढाते समय पुत्र की माता का नाम मनीषा गलत दर्ज हो गया है जबकि मेरे पुत्र की माता का नाम मनीता देवी मीना है। इसलिए मैं अपने पुत्र के शिक्षा रिकार्ड में माता का सही नाम मनीता देवी मीना दर्ज करवाना चाहता हूं। ह. शपथकर्ता

## पांच परिंडे लगा अभियान की शुरुआत की

**करौली( नि.स. )।** प्योर इंडिया ट्रस्ट के द्वारा पक्षियों के लिए परिंडे अभियान की शुरुआत की ट्रस्ट के प्रतिनिधि खुशबिहारी व्यास ने बताया की परिंडे अभियान की शुरुआत एसपी आफिस के गार्डन से कि जहां ट्रस्ट के द्वारा पांच परिंडे लगाकर अभियान की शुरुआत की ट्रस्ट लगातार ऐसे कार्यक्रम करता रहता है।

जिला प्रशासन के साथ कहीं कार्यक्रम में ट्रस्ट ने भागीदारी निभाई है ट्रस्ट के संस्थापक प्रशांत पाल के निर्देश अनुसार यह कार्यक्रम चलाए जा रहे है। उनका मानना है कि जल ही जीवन है अगर प्यासे पक्षियों के लिए पानी पिलाएंगे जो। यही सबसे बड़ा पुण्य है। इस कार्यक्रम में प्रिंसिपल राधारमण शर्मा,हैड मास्टर मनोज व्यास, जयप्रकाश शर्मा ,शिवम शर्मा सहित कई लोग उपस्थित थे। इसके अलावा राजकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ.नरेश कुमार शर्मा एवं चिकित्सालय के स्टाफ ने जिला चिकित्सालय के मंडरायल रोड स्थित इनडोर पंचकर्म शाखा एवं चिकित्सालय परिसर में स्थित पेड़ों पर गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिये परिंडे बांध कर नियमित रुप से परिडो में पानी भरने की भी जिम्मेदारी ली गयी।

# डॉ. शर्मा की अध्यक्षता में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

**भरतपुर ( निस )।** शुक्रवार को श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर द्वारा श्री ब्राह्मण धर्मशाला खिरनीघाट पर अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर डॉ लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें पंचामृत द्वारा भगवान परशुराम का महाभिषेक देवेन्द्र पंडित, पवित्र मोहन मुद्गल सहित 21 वेद पाठी आचार्यों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ हर्षोल्लास के साथ किया गया।

भगवान परशुराम की मूर्ति पर पुष्पाहार पहनाया गया तथा जनेउ धारण कराया गया। भगवान के पूजन के बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गई तथा सत्तू, खरबूजा, ककडी आदि का भोग लगाकर समस्त उपस्थित महानुभावों को प्रसादी वितरण की गई। कार्यक्रम में श्री ब्राह्मण सभा के महामंत्री इंजी. जीवनलाल शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष महावीर खोंखर, उपाध्यक्ष जितेन्द्र टीटू, प्रवक्ता शैलेन्द्र उपाध्याय, आयोजन अध्यक्ष गौरीशंकर शर्मा, सांस्कृतिक मंत्री भूपेन्द्र नौगाया, गिरिजा शंकर शर्मा, डोरीलाल शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष संगीता शर्मा, उपाध्यक्ष नीलम शर्मा, महामंत्री अनुराधा



**श्री ब्राह्मण सभा भरतपुर द्वारा अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर डॉ लोकेश शर्मा की अध्यक्षता में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।**

शर्मा, शहर अध्यक्ष सीमा शर्मा, रंजना पाराशर, डॉ केएन तिवारी, गिरधारी तिवारी, पंडित रामकिशन, उमाशंकर शर्मा, भूदेव कटारा, रामेश्वर दयाल शर्मा, वैद्य लक्ष्मण तिवारी, मनोज पाराशर, चेतन शर्मा, दीपक मुद्गल पार्षद, श्यामसुन्दर गौड पार्षद, परमानन्द शर्मा घुस्यारी, मनोज भारद्धाज अध्यक्ष बीजेपी, रिषीपाल तिवारी, उत्तम शर्मा एडवोकेट, दिनेश लवानियां, योगेश लवानियां, मनोज शर्मा, अभिषेक शर्मा, आकाश शर्मा, सचिन पंडित, उत्कृष्ट उपाध्याय, लक्ष्मीनारायण शर्मा, देवकी प्रसाद शर्मा, छिद्दीमल सैंथरा, मनोज तिवारी, राजीव शर्मा, सुनील पीढ़ी, नत्थीलाल दीक्षित, शुभनेश पाराशर, रामवीर शर्मा, जगदीश उपमन, आदित्य त्रिगुणायत, वीरेन्द्र शर्मा, मुरारीलाल शर्मा, देवेश पंडित, रमेश चंद शर्मा, विनोद शर्मा, सुरेश शर्मा, पवन पाराशर, विष्णु गोपालगढ़, बाबूलाल कटारा, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, गंगाराम पाराशर, दयाचंद पचौरी, सुनीलकांत शर्मा, रमेश चंद शर्मा, मिलन पंडित, यश शर्मा, महेश तिवारी आदि उपस्थित थे।

## भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली

**गंगापुर सिटी।** अक्षय तृतीया पर पुरानी अनाज मण्डी स्थित सीताराम जी मंदिर से पूजा अर्चना के बाद भगवान परशुराम की विशाल शोभायात्रा डीजे व बैण्ड बाजो के साथ रवाना हुई शोभायात्रा में भारी संख्या में ब्राहमण समाज के महिला पुरूष शामिल हुए।

शोभायात्रा का अग्रवाल समाज, श्याम परिवार, पंसारी गली, भाजपा पदाधिकारियो सहित सामाजिक व राजनैतिक संगठनो की ओर से पुष्प वर्षा कर एवं पेय पदार्थ पिला कर भव्य स्वागत किया गया। पूरा शोभायात्रा मार्ग भगवान परशुराम के जयकारो से गुंज उठा। शोभायात्रा शहर के प्रमुख बाजारो से गुजरती हुई जैसे ही कैलाश टाकीज पर पहुंची समाज के पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र लोढी के समर्थको ने शोभायात्रा परशुराम छात्रावास ले चलने को लेकर हंगामा किया। पुलिस व उनके समर्थको के बीच तकरार भी हुई पुलिस प्रशासन ने निर्धारित मार्ग से ही यात्रा निकालने की बात कहते हुए परशुराम छात्रावास जाने वाले रास्ते को पुलिस की गाडी लगा कर बंद कर दिया। जद्दोजहद के बाद ट्रक यूनियन के रास्ते शोभायात्रा रूकमणी पैलेस पहुंची। इस बीच भगवान परशुराम की जगह जगह पूजा अर्चना कर आरती उतारी गई।

## सार-समाचार

### युवक को गिरफ्तार किया

**गंगापुर सिटी ।** सदर थाना पुलिस ने 1.10 ग्राम अवैध स्मैक जब्त कर एक है। अरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। विशेष अभियान के तहत सदर थानाधिकारी पन्नालाल के नेतृत्व में गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर 1.10 ग्राम अवैध स्मैक सहित आरोपी ब्रहमसिंह गुर्जर पुत्र मीठालाल जाति गुर्जर निवासी मच्छीपुरा थाना सदर गंगापुर सिटी, जिला गंगापुर सिटी को टोटोलाई मोड से गिरफ्तार किया। आरोपी स्मैक के करोबार में बेचान का काम करता था। पुलिस आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई को लेकर पूछताछ कर रही है। सदर थानाधिकारी पन्नालाल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के निर्देश पर एएसपी राकेश राजौरा और पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के सुपरविजन में विशेष अभियान चलाया हुआ है। कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम में सदर थानाधिकारी पन्नालाल, कांस्टेबल लख्मीचन्द, रिंकु, रवि, बसंत आदि शामिल थे।

### ईनामी बदमाश गिरफ्तार

**नदबई।** पुलिस ने क्षेत्र के गांव ऐचेंरा में दो अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए लूट के मामलें में फरार पांच हजार के ईनामी बदमाश सहित एक अन्य आरोपी से अवैध हथियार जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया।पुलिस के अनुसार लूट के मामलें में करीब तीन माह से फरार पांच हजार के ईनामी बदमाश ऐचेंरा निवासी अरुण सिंह को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए गांव से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ ऐचेंरा निवासी डिगम्बर सिंह पुत्र मिश्रीलाल ने मारपीट कर नगदी लूट की घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में मामला दर्ज कराया। बाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। उधर, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार जब्त कर ऐचेंरा निवासी गौरव पुत्र रनधीर सिंह को गिरफ्तार किया। कार्रवाई दौरान पुलिस ने 315 बोर देशी हथकढ़ रायफल बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से अवैध हथियार को लेकर जांच पडताल में जुट गई।

### हिंडौन में बदला मौसम, तेज आंधी चली

**हिंडौन सिटी ।** पश्चिमी विक्षोभ का असर देखने को मिला। शहर में शाम के समय मौसम का मिजाज बदल गया। दिन में तेज धूप से झुलस रहे लोगों को शाम 5 बजे आंधी चलने के बाद राहत मिली। इस दौरान 20 मिनट तक तेज आंधी चलती रही। इसकी वजह से सड़कों पर अंधेरा छा गया और वाहनों को हेड लाइट जलानी पड़ी।जानकारी के अनुसार आज दिन का अधिकतम तापमान 42 से 43 डिग्री सेल्सियस रहा। धूलभरी आंधी के बाद हल्की गति से हवा चलने से मौसम में हल्की ठंडक घुल गई। वहीं 2 से 3 डिग्री तापमान में गिरावट गईजिला कृषि मौसम केंद्र के एम के नायक ने बताया कि प्रदेश के भरतपुर समेत कुछ एक हिस्सों में 10-11 मई को पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। जिसमें आंधी व हल्की बारिश की संभावना है। जिसके कारण क्षेत्र में आंधी के साथ बारिश भी हुई। इधर हवाओ के साथ बूंदाबांदी से मौसम खुशनुमा हो गया।

### नाबालिक छात्र ने फांसी लगाई

**गंगापुर सिटी, ( निसं )।** पढ़ाई के लिए रह रहे एक नाबालिक ने अज्ञात कारणो के चलते फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला को समाप्त कर लिया। घटना का पता चलने पर परिजन और पुलिस मौके पर पहुंची और छात्र को फंदे से उतारकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां छात्र को डॉक्टरों से मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब सात बजे छात्र कमरे की कुंडी बंद कर छत के कड़े के फंदा लगाकर लटक गया। कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर मकान मालिक को शक हुआ तो उसने परिजन और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन और पुलिस को छात्र फंदे पर लटका मिला। उन्होंने छात्र को फंदे से नीचे उतारकर जिला अस्पताल गंगापुर सिटी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रात होने के कारण पुलिस ने शव को हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया। कोतवाली थाना के एएसआई रामखिलाड़ी ने बताया कि फिलहाल मृतक का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द किया है। मृतक ने आत्महत्या का कदम क्यों उठाया है, इसका कारण का पता नहीं चला है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### आरोपी को गिरफ्तार किया

**भरतपुर** (निस)। मथुरा गेट थाना पुलिस ने फर्जी हस्ताक्षर कर जमीन को अपने नाम पट्टा कर लेने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 3 अगस्त को कमलराम मीणा आयुक्त नगर निगम भरतपुर ने भौंट थाना उच्चैन हाल नेहरूनगर हीरादास थाना अटलबंद निवासी ईश्वरसिंह पुत्र अतरसिंह जाति जाट के विरूद्व आनाज मण्डी के पास नगर निगम की सरकारी जमीन के धोखाधडी पूर्वक फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्रशासन शहर के साथ अभियान में जमीन का अपने नाम पट्टा कर लेने का एक मामला थाना मथुरागेट पर दर्ज कराया गया था। जिस पर एएसआई रत्तिराम मय जाप्ता द्वारा बाद अनुसंधान कर इस मामले के आरोपी ईश्वर सिंह पुत्र अतरसिंह जाति जाट निवासी भौंट थाना उच्चैन हाल नेहरूनगर हीरादास थाना अटलबंद को गिरफतार किया गया है।

### निशुल्क समर कैंप का किया

**भरतपुर** (निस)। हेल्पिंग हैंड संस्था में अध्यक्ष रूना गुलाटी एवं सचिव हिमांशु अग्रवाल के द्वारा निःशुल्क समर कैंप आयोजित किया गया जो कि करीब एक महीने तक चलेगा। मुख्य अतिथि के रूप में समाज सेविका शिवानी गेरा उपस्थिति रही। इस कैंप में सभी बच्चों को मेहंदी, ब्यूटीपार्लर, कला क्षेत्र डांस एवं ढोलक जैसे प्रशिक्षण सिखाए जा रहे हैं। इस मौके पर हेल्पिंग हैंड्स संस्था के सदस्य गीतू मालिक, गीता अरोड़ा, ईशा गुलाटी, नन्दनी गुलाटी, मौनू अग्रवाल, मोनिका गर्ग, छवि ओबराय, विशाली अग्रवाल एवं गौरव सैनी उपस्थित रहें।

# अवैध हथियार सहित आरोपी गिरफ्तार

■ **आरोपी से 1 अवैध देशी कटटा मय 1 कारतूस 12 बोर के जब्त किया**

**भरतपुर ( निस )।** मथुरा गेट थाना पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार कर 1 अवैध देशी कटटा मय 1 कारतूस 12 बोर के जब्त किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अवैध हथियारों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय लालचंद कायल व वृत्ताधिकारी वृत शहर सुनील प्रसाद के सुपरवीजन में थानाधिकारी करनसिंह के नेतृत्व में एएसआई अनिलकुमार मय जाप्ता द्वारा कार्यवाही करते हुये अवैध हथियार रखने के मामले में एक आरोपी को गिरफतार कर कब्जे से 1 अवैध देशी कट्टा मय 1 जिन्दा कारतूस 12 बोर के किया जब्त। एएसआई अनिल कुमार मय जाप्ता को गस्त के दौरान सूचना मिली कि मंगल हाट के पीछे अहिल्या बाई मंदिर के पास एक व्यक्ति घूम रहा है जो किसी घटना को अंजाम दे सकता है। उक्त सूचना पर एएसआई मय जाप्ता के अहिल्या बाई मंदिर के पास पहुंचे। तो पुलिस को वावर्दी देख उक्त व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस जाप्ता की मदद से उस व्यक्ति को घेरा देकर पकडा। पकडे गये व्यक्ति से नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम जगत उर्फ जगतपाल उम्र 51 साल जाति बघेल निवासी सूरजपोल गेट थाना मथुरागेट को होना बताया। आरोपी की तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 1 अवैध कट्टा मय 1 जिन्दा कारतूस 12 बोर मिला। पुलिस द्वारा आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से मिले अवैध हथियार को जब्त कर थाना मथुरागेट पर मामला दर्ज कर आरोपी से अवैध हथियार के संबंध में गहनतापूर्वक पूछताछ की जा रही है कि आरोपी उक्त हथियार को कहां से व किस उद्देश्य से लेकर आया है।

## बैठक आयोजीत

**भरतपुर ( निस )।** जगद्गुरु स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्दःसरस्वती के गौ-प्रतिष्ठा संकल्प यात्रा राजस्थान के उपलक्ष में भरतपुर आगमन पर धर्मसभा कार्यक्रम के संयोजक सीए अतुल मित्तल एवं यात्रा संमन्वयक गिरधारी तिवारी के सानिध्य में सनातन प्रेमी कार्यकर्ताओं ने बैठक कर अपनी-अपनी जिम्मेदारी संभाली। संयोजक सीए अतुल मित्तल ने बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य जी बुधवार, 15 मई दोपहर 2 बजे भरतपुर पधारेंगें। जहां उनका 5 सनातन प्रेमी परिवारों में पादुका पूजन कार्यक्रम रहेगा। इसके उपरान्त वह सायं 5 बजे धर्मसभा स्थल श्री बांके बिहारी मंदिर प्रांगण किला में सनातन प्रेमियों को संबोधित करेगें। सायं 7 बजे जगद्गुरु विश्राम स्थल गीताभवन सहयोग नगर पहुचेगें। 16 मई गुरुवार को प्रात: 6.30 बजे विश्राम स्थल पर दीक्षा कार्यक्रम रहेगा। इसके उपरान्त 7.15 बजे 3 किमी तक जगद्गुरु सनातन प्रेमियों एवं भजन मण्डली के साथ नगर भ्रमण (पदयात्रा) करेगें। बैठक में मोहनलाल माहेश्वरी, राकेश सर्राफ, गिरीश सिंघल, मनोज तिवारी, राकेश खुडासिया, त्रिलोकीनाथ शर्मा, मनोज दुवे, ओंकार पंचोली आदि सनातन प्रेमी उपस्थित रहे।

# 2 मोबाइल प्याऊ का शुभारम्भ किया

**भरतपुर** (निस)। जय श्री बाँकेबिहारी सेवा समिति रजि. भरतपुर द्वारा 2 मोबाईल प्याऊयो का शुभारम्भ किया गया। संस्थापक जयप्रकाश गोयनका ने बताया कि इन प्याऊयों का शुभारम्भ सम्मानीय अतिथि भरतपुर के बयोवृद्ध नेता और समाजसेवी पंडित रामकिशन शर्मा, डॉ कौशलेन्द्र सिंह और महंत मुनेंद्र दास के कर कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर पंडित रामकिशन ने कहा की समिति द्वारा इस भीषण गर्मी में इस तरह की प्याऊ शुरू करना बहुत ही पुण्य का कार्य है।

डॉ कौशलेन्द्र ने कहाँ की व्यक्ति प्यास लगने पर कुआ के पास जाता है। लेकिन समिति के प्रयासों से कुआ रूपी मोबाईल प्याऊ व्यक्ति के पास पहुंचेगी. समिति के उपाध्यक्ष हरिगोविन्द मिश्रा और कोषाध्यक्ष गोपाल गर्ग और देवेश सिंह ने सभी अतिथियों का पटका और माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी



**भीषण गर्मी को देखते हुए मोबाईल प्याऊ चलाए गए।**

घनश्याम सिंह महेश शर्मा दीपक शर्मा रोहित अरोड़ा संतोष बंसल मुकेश गर्ग गंगाराम लवनिया सपना डीगिया विप्र फाउंडेशन के कौशलेश शर्मा पीयूष टाइगर केदार नाथ शर्मा कांग्रेस भरतपुर शहर अध्यक्ष दयानंद पचौरी गंगाराम पाराशर पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति आदि समाजसेवी उपस्थित रहे।

# भगवान परशुराम का मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक किया

**भरतपुर** (निस)। विप्र फाउंडेशन के द्वारा भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर पं. सुंदरलाल बगीची स्थित भगवान परशुराम मंदिर पर आचार्य धरणीधर शास्त्री के सानिध्य में 11 पंडितों के साथ भगवान परशुराम का विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक किया गया। परशुराम स्त्रोत से उनकी आराधना की गई।

मुख्य यजमान के रूप में मौजूद पूर्व सांसद पंडित रामकिशन, रामेश्वर प्रसाद शर्मा ,पेंशनर समाज के अध्यक्ष डोरी लाल शर्मा, विप्र फाउंडेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाराम पाराशर, प्रदेश महामंत्री दयाचंद पचौरी, जिलाध्यक्ष डॉ. सुशील पाराशर, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंदुशेखर शर्मा, प्रदेश महामंत्री युवा देवाशीष भारद्वाज के द्वारा भगवान परशुराम का पुष्प माला, पंचमेवा, धूप दीप बत्ती से पूजन किया गया। पंडित रामकिशन ने इस अवसर पर कहा कि भगवान परशुराम का जीवन चरित्र, सर्व समाज के लिए और सभी कालों में प्रासंगिक रहा है इनके जीवन चरित्र से, अत्याचार एवं शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने की सीख मिलती है। रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने भगवान परशुराम को, वैदिक धर्म संस्कृति का अग्रदूत बताते हुए, सभी से वैदिक संस्कृति के पालन की अपील कीं इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन की महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव अनीता शर्मा, जिलाध्यक्ष लक्ष्मी शर्मा, बाबा सुग्रीव की प्रिंसिपल विप्र फाउंडेशन की संरक्षक डॉ. रंजना तिवारी, कोषाध्यक्ष आशा शर्मा, शहर अध्यक्ष भुवनेश्वरी दीक्षित, शहर अध्यक्ष कल्पेश शर्मा, वंदना त्रिपाठी, अर्चना शर्मा, ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, अनिल भारद्वाज, इंद्रजीत भारद्वाज, शिशुपाल लवानियां, तिलक नगर ब्राह्मण समिति के अध्यक्ष नत्थीलाल दीक्षित, बाल कल्याण समिति सदस्य एडवोकेट लोकेश मुद्गल, बनवारी लाल शर्मा, बाबूलाल कटारा, बृजभूषण पाराशर, नेत्रकमल मुद्गल, रविंद्र मोहन शर्मा, पीयूष दीक्षित, राजीव तिवारी, मदन मोहन शर्मा, कृष्ण कुमार शर्मा, बांके बिहारी समिति के जयप्रकाश गोयनका, अनुराधा शर्मा, अनुराग गर्ग एडवोकेट, समता पार्टी के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर, डॉ. हरीश शर्मा, डॉ. गिरीश शर्मा, नवीन उपाध्याय, बृजेंद्र शर्मा, राजीव तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, सुनीलदत्त शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया

**हिंडौन सिटी ।** ब्राह्मण समाज की ओर से शुक्रवार को अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया। इसमें समाज के लोगों ने भगवान परशुरामजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक आरती की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष वासुदेव शर्मा ने की।

सामूहिक महाआरती में कोतवाली थाना प्रभारी हरलाल भी शामिल हुए। इस दौरान साहित्यकार जय गोविंद बेंदील ने भगवान परशुरामजी के पौराणिक गाथाएं सुनाते हुए उनका परिचय कराया।उन्होंने बताया कि महर्षि वेद व्यास ने अक्षय तृतीया से ही महाभारत की रचना शुरू की। मन्त्रोच्चार के साथ भगवान परशुराम की प्रतिमा को जलाभिषेक कराया। महामंत्री मंजीत मुदगल ने बताया सुबह 9 बजे आचार्यो द्वारा पूजन कराने के उपरांत महाआरती की। इस कार्यक्रम में हिंडौन, महू, श्रीमहावीरजी से भी समाज के लोग शामिल हुए।इस अवसर पर 16 मई परशुराम शोभायात्रा, महा अभिनंदन, आमसभा व धर्म प्रवचन के आयोजन की जानकारी दी। जिसमें शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद शामिल होंगे। इसके उपरांत समाज की विधवा महिलाओं व आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को पारितोषिक वितरित किया। कार्यक्रम में युवाओं को अक्षय तृतीया की तिथि का वैदिक व सांसारिक महत्व पर प्रकाश डाला।

# सूरौठ में झांकियों के साथ निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

**हिंडौन सिटी/सूरौठ ।** कस्बे में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़ें धूमधाम से मनाया गया अक्षय तृतीया पर परशुराम धर्मशाला में सुबह 11 बजें भगवान परशुराम की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई व भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसादी का वितरण किया गया।

सूरौठ तहसील अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा पाली व चौबीसा

■ **पुष्प वर्षा के साथ किया स्वागत सम्मान**



**अक्षय तृतीया पर परशुराम धर्मशाला में भगवान परशुराम की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई।**

ब्राह्मण समाज अध्यक्ष प्रकाश नारायण शर्मा जटवाड़ा वालों ने श्री श्री 1008 श्री हरेन्नांद जी महाराज ध्रुवघटा वालों का माला व साफा पहनाकर जोरदार तरीके से भव्य स्वागत सम्मान किया गया सूरौठ अध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, महामंत्री हरीशचंद्र शर्मा,व युवा अध्यक्ष प्रमोद तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि बाहर से पधारे हुए सभी विप्र बंधुओं का तिलक लगाकर व दुपट्टा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया, भगवान परशुराम कि झांकी के रूप में धीरज तिवारी कों सजाया गया,भगवान परशुराम के चित्र पटेल के साथ श्रीं श्रीं 1008 श्री ध्रुवघटा वाले महाराज जी हरेन्नांद कि महाराज को बग्गी में बिठाया गया , चौबीसा पूर्व अध्यक्ष रामनिवास खेड़ी हैवत, पूर्व युवा अध्यक्ष अवधेश शर्मा सूरौठ, नरेंद्र बाबा, रामकुमार पंडा, वेदप्रकाश शर्मा,भोलेशंकर शर्मा,पूर्व सूरौठ अध्यक्ष बाबूलाल पाराशर ने कहां कि ,शोभायात्रा कस्बे के मशहूर,मुंशी बैंड के साथ निकाली गई शोभायात्रा में सूरौठ ,पाली, चुरारी, लहचौडा, हिंडौन सिटी, जटवाड़ा, महूं वरगमा ध्राधरैन ,धंधावली ढिंढोरा, भुकरावली सहित दर्जनों गांव के विप्रबंधु शोभायात्रा में रहे उपस्थित जिसमें शोभायात्रा सूरौठ कस्बे की परशुराम धर्मशाला से करीब 5 बजे प्रारंभ होकर मैंन मार्केट, पुलिस चौकी, मस्जिद चौराहा, सब्जी मंडी, गंगापुर भरतपुर मेगा हाईवे, सीताराम जी मंदिर होते पुन: परशुराम धर्मशाला पहुंची शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत सम्मान किया गया शोभायात्रा में हिंडौन तहसील अध्यक्ष अशोक शर्मा पार्षद बृजकिशोर शर्मा पूर्व महामंत्री ओमप्रकाश भुकरावली, प्रकाश चंद्र शर्मा ढिंढोरा, सुनील जटवाड़ा,भोमेश शर्मा, मोंनू पंडित,योगेश शर्मा शेरपुर, ओमप्रकाश शुक्ला, चंदशेखर शर्मा अनिल गुधैनिया, संजय शुक्ला, रूपेश शर्मा,नरेंद्र कौशिक त्रिलोक शर्मा,केशव शर्मा ,मोनू शर्मा,राजू चतुर्वेदी, दीना शर्मा बृजभूषण शर्मा विपुल शुक्ला विवेक शर्मा सहित हजारों लोग रहे उपस्थित व ब्राह्मण समाज के द्वारा सरकारी नौकरी में चयनित समाज की प्रतिभाओं को शील्ड में प्रतिशत पत्र देकर किया गया सम्मानित इस मौके पर कई लोग उपस्थित रहे

## एक दिवसीय आठवीं सत्कोसी परिक्रमा 23 को

**कामां** (निस)। चार युगों के चार नाम सतयुग में ब्रह्मपुरी त्रेता में अनंत पुरी द्वापर में काम्यक वन कलयुग में कामवन वर्तमान में कामां कामसैन राजा द्वारा बसाई भई तथा विश्वकर्मा द्वारा निर्मित या नगरी में 84 तीर्थ, 84 मन्दिर, 84 खम्भा, तीन सौ कूप छः करोड़ साठ हजार छः सौ सिन्हासन जो कि द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण चन्द्र के लीला केन्द्र रहे हैं। यानि ये 84 तीर्थ 84 मन्दिर 84 खम्भा तीन सौ कूप छः करोड साठ हजार छः सौ सिन्हासन ये कामवन में कैसे प्रगट भये। ब्रज के 12 वन में ये कामवन परम श्रेष्ठ पांचमो वन है जा कामवन की यात्रा करके मनुष्य स्त्री बैकुंठ लोक में वास करे है। आज्ञा श्री राधा बल्लभ जी मन्दिर संस्थापक स्वः माधोलाल पूर्व कथाकार स्वः लाडलीलाल जगन्नाथ प्रसाद राधाकिशन श्याम बाबू कौशिक माध्यम श्याम भगत जग में बड़े उनको करूं प्रणाम.बृज चौरासी कोस के बीच में बनो आपको धाम बृज नगरी कामवन धाम की एक दिवसीय आठवीं सत्कोसी परिक्रमा 23 मई गुरूवार को प्रातः 5 बजे प्रारंभ होगी। कृष्ण भगवान की क्रीडा स्थली आदि वृन्दावन धाम कामवन कामां की एक दिवसीय सप्तकोसी परिक्रमा जो हर महीने की पूर्णिमासी पूणों को लगाई जाती है कामवन धाम हमारा आदि वृन्दावन है। इस स्वरूप को पुनः लाने का हमारा और आपका यह अनुठा प्रयास है और यह आपका प्रयास कामवन धाम को पुनः वृन्दावन स्वरूप में लाने का उद्देश्य से सेवायत आशुतोष कौशिक नूनू पुजारी ने वचन लिया।

# जयशंकर टाइगर क्लब भरतपुर की टीम बीकानेर रवाना हुई



**राज्य स्तरीय सीनियर व मास्टर बालक-बालिका पेंचक सिलेट प्रतियोगिता 2024 में भाग लेने के लिए भरतपुर की टीम बीकानेर रवाना हुई।**

**भरतपुर** (निस)। पराक्रम और साहस के प्रतीक भगवान विष्णु के छठे अवतार चिरंजीवी भगवान परशुराम जी के जन्म उत्सव व अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर राजस्थान पेंचक सिलेट एसोसिएशन के तत्वाधान में बीकानेर में 11 से 12 मई के बीच आयोजित होने वाली 6वी राज्य स्तरीय सीनियर व मास्टर बालक बालिका पेंचक सिलेट प्रतियोगिता 2024 में भाग लेने के लिए किला स्थित जयशंकर टाईगर क्लब भरतपुर की टीम बीकानेर रवाना हुई।

टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर के निर्देशन में एवं मुख्य चयनकर्ता नेशनल चौंपियन एवं आरएसी कमांडो वेद कुंतल के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों का चयन हुआ। नेशनल चौंपियन एवं आरएसी कमांडो वेद कुंतल ने बताया की सीनियर बालक वर्ग में 55 किलो ग्राम में तुषार पठानिया, 60 किलो ग्राम में राजेश सिंह, 75 किलोग्राम में करतार सिंह पेनोरी राजस्थान पुलिस, 80 किलोग्राम में कुलदीप कसौदा, 85 किलोग्राम में अमित सोगरवाल भरतपुर कमांडो, 90 किलो ग्राम में शेर सिंह राजस्थान पुलिस, ओवर 110 किलोग्राम में कुलदीप नगला चाहर का चयन किया गया। टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर ने अपने उद्बोधन में कहा कि पेंचक सिलेट दिमाग और ताकत का खेल है आशा है भरतपुर के खिलाड़ी इस खेल में अन्य खेल क्षेत्रों की भांति ही भरतपुर जिले एवं राज्य का नाम रोशन करेंगे। पेंचक सिलेट एक कॉम्बैट और गैर-आक्रामक मार्शल खेल है जो सामूहिक रूप से इंडोनेशिया से उत्पन्न विभिन्न शैलियों की मार्शल आर्ट को शामिल करता है।

पेंचक सिलेट में शरीर के किसी भी हिस्से का इस्तेमाल किया जा सकता है और शरीर के किसी भी हिस्से पर हमला किया जा सकता है इस मौके पर भरतपुर ताइक्वांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, जिग्नेश गुर्जर, आस्था मंगल, ऐश्वर्य शर्मा, शांतनु राणा, अहाना गुप्ता, राम्या शर्मा, युवराज सिंह, शांतनु राजपूत, यशोदा सिंह, अभिषेक जाटव, आदि ने सभी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया

